कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-27.03.2025

विषयः- महिला के ऑटो में छूटे ज्वेलरी से भरे बैग (कीमत करीब 04 लाख रुपये) को थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा मात्र 02 घण्टे के अंदर सकुशल बरामद कर किया गया सुपुर्द।

श्रीमती सुनीता देवी पत्नी दिनेश यादव निवासिनी रखौना थाना मिर्जामुराद जनपद वाराणसी दिनांक-26.03.2025 को अपने गाँव से थाना शिवपुर स्थित एक ज्वेलरी शॉप पर आभूषणों की खरीदारी करने आयी थी तथा खरीदारी करने के उपरान्त घर लौटते समय ऑटो में अपना बैग भूल गयी जिसमें करीब 04 लाख रुपये के आभूषण थे। जब याद आया तो इन्होंने इसकी सूचना तत्काल थाना शिवपुर पुलिस को करीब 19.30 बजे दिया। सूचना प्राप्त होते ही थाना शिवपुर पुलिस द्वारा तत्काल सक्रियता दिखाते हुए उक्त ऑटो चालक की तलाश की जाने लगी तथा उक्त ऑटो को रजि0 नं0 के आधार पर ट्रैस करके ऑटो चालक को खोजकर कांशीराम चौकी क्षेत्र से उक्त ज्वेलरी से भरे बैग को मात्र 02 घण्टे के अंदर सकुशल बरामद कर आवेदिका व उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। आवेदिका व उनके परिजनों द्वारा कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस की त्वरित कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी तथा धन्यवाद दिया गया।

उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम में थाना शिवपुर के उ0नि0 धनन्जय कुमार यादव, उ0नि कोमल यादव, हे0का0 अरविन्द कुमार, का0 किशन सोनकर व का0 अभिनय सोनी की भूमिका सराहनीय रही।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।

ठाकुर दास
ज्वेलर्स